राजस्व अपील संख्या 88 / 2023

अनवान
घमण्डाराम बनाम राज्य

दिनांक 10–04–2023

उक्त अपील अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लोहावट, जिला जोधपुर के द्वारा पारित आदेश क्रमांक प्र.गां.सं.अ. / 2021 / 27 निर्णय 25–11–2021 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया हुआ होने से अपीलांट अधिवक्ता की स्थगन प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई तथा अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित किये गये अपीलाधीन आदेश दिनांक 25.11.2021 का अवलोकन किया एवं पत्रावली के साथ प्रस्तुत दस्तावेजात आदि का भी अध्ययन किया तथा अपीलांट अधिवक्ता द्वारा चाही गई इस्तदुआ पर भी मनन किया। जिसके आधार पर अपीलांट की उक्त अपील को आंशिक स्वीकार करते हुए अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लोहावट जिला जोधपुर के द्वारा पारित किये गये आदेश दिनांक 25.11.2021 में हस्तक्षेप नहीं करते हुए प्रकरण में तहसीलदार लोहावट को निर्देशित किया जाता है कि वे उभय पक्षकारान की उपस्थिति मे मौका जॉच कर मौका फर्द तैयार करे एवं उभय पक्षकारान की सुनवाई की जाकर नियमानुसार उक्त प्रकरण का निस्तारण करें। कोई भी पक्ष कदीमी रास्ता बन्द नहीं करें। उक्त निर्देशो के साथ हस्तगत अपील का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फेसल शुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय आज खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया ।

अति. संभागीय आयुक्त,
जोधपुर